राजस्थान सरकार

निदेशालय, कोष एवं लेखा, राज., जयपुर

दिनांक :– 15-5-2024

क्रमांक : एफ.3(ख)आर–1465 / 2013 / अलेसे–II / 3050

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 68 / 2023–24 दिनांक 07.10.2023 द्वारा श्रीमती रीना कुमारी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का स्थानान्तरण कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, नवलगढ़ से खण्डीय लेखाकार के रिक्त पद पर कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नवलगढ़ किया गया था। जिसकी पालना में श्रीमती रीना कुमारी द्वारा दिनांक 08.10.2023 को कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नवलगढ कार्यग्रहण किया गया। तद्पोरान्त महालेखाकार (ए एण्ड ई) राजस्थान, जयपुर के द्वारा उक्त पद पर खण्डीय लेखाकार का पदस्थापन कर दिये जाने के कारण श्रीमती रीना कुमारी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को माह 10 / 2023 से 02 / 2024 तक का वेतन आहरित नहीं किया जा सका है। अतः श्रीमती रीना कुमारी का बकाया अवधि (माह अक्टूबर, 2023 से फरवरी, 2024) का वेतन कोषालय, झुन्झुनू से अधीनस्थ लेखा सेवा के रिक्त पद के विरूद्ध नियमानुसार आहरित करने की एतद्द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)<br>
निदेशक एवं पदेन<br>
संयुक्त शासन सचिव

दिनांक :– 15-5-2024

क्रमांक : एफ.3(ख)आर–1465 / 2013 / अलेसे–II / 3050

1. अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नवलगढ़ को प्रेषित कर लेख है कि श्रीमती रीना कुमारी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का गत भुगतान प्रमाण पत्र, सेवा पुस्तिका इत्यादि कोषाधिकारी, झुन्झुनू को प्रेषित करवाने का श्रम करावें।
2. कोषाधिकारी, झुन्झुनू को प्रेषित कर लेख है कि श्रीमती रीना कुमारी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का गत भुगतान प्रमाण पत्र, सेवा पुस्तिका इत्यादि प्राप्त होने पर उक्त अवधि का वेतन भुगतान करवाते हुए नियमानुसार सेवा पुस्तिका में इन्द्राज करवाने का श्रम करावें।
3. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
4. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. श्रीमती रीना कुमारी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नवलगढ़।
6. पदस्थापन सीट / वरिष्ठता सीट / गोपनीय शाखा।

(के.जी. गुप्ता)<br>
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)